पत्रांक–बी0एस0डी0एम0/SDI–25/2016 – 85

बिहार सरकार

श्रम संसाधन विभाग

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह,
प्रधान सचिव–सह–मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी,
बिहार कौशल विकास मिशन,
श्रम संसाधन विभाग, बिहार, पटना।

सेवा में,

सभी SDC/BSDC,
बिहार।

पटना, दिनांक– 19-01-2018

विषयः– कुशल युवा कार्यक्रम के प्रशिक्षणार्थियों का निबंधन भारत सरकार के नियोजन पोर्टल पर करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में कहना है कि राज्य सरकार के 7 निश्चयों में से एक निश्चय **"आर्थिक हल युवाओं को बल"** के अंतर्गत 15 से 25 वर्ष के युवाओं को कुशल युवा कार्यक्रम के अंतर्गत 240 घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यद्यपि कुशल युवा कार्यक्रम किसी भी रोजगार की गारंटी नही देता है फिर भी बिहार कौशल विकास मिशन कुशल युवा कार्यक्रम के सफल युवाओं को रोजगार से जोड़ने का प्रयास कर रही है। कुशल युवा कार्यक्रम के सफल प्रशिक्षणार्थियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हो रहे है। इसी क्रम में निर्णय लिया गया है कि कुशल युवा कार्यक्रम के सभी युवाओं का पंजीयन भारत सरकार के National Career Service के पोर्टल www.ncs.gov.in पर निश्चित रूप से करा दे ताकि भविष्य में उन्हें रोजगार का सुनहरा अवसर प्राप्त हो सकें।

अतः निदेश दिया जाता है कि सभी सभी SDC/BSDC समन्वयक अपने–अपने केन्द्र पर नामांकित युवाओं का पंजीयन प्रत्येक बैच प्रारंभ होने के एक सप्ताह के भीतर National Career Service के पोर्टल पर करना सुनिश्चित करेगें। National Career Service के पोर्टल पर पंजीयन हेतु मार्गदर्शन एवं किसी भी प्रकार की कठिनाई के लिए अपने जिला नियोजन पदाधिकारी से संपर्क कर सकते है।

विश्वासभाजन,
19/1/18
(दीपक कुमार सिंह)
प्रधान सचिव–सह–
मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी ,
बिहार कौशल विकास मिशन ।